अनदेखी हाईटेंशन विद्युत लाईन के नीचे खड़े होकर छात्रों से कार्य करता देख राहगीरों ने शिक्षकों को कौसा

छात्रों की जान जोखिम में डालकर बच्चों को स्कूल की छत पर चढ़ाकर लगाई विद्युत लाईटिंग

नवभारत न्यूज,
पांढुरना ,24 जनवरी, अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षित कर काबिल बनाने स्कूलों में पहुंचाते है,लेकिन अक्सर देखने में आ रहा है कि कुछ शिक्षकों द्वारा इन छात्रों से स्कूल की साफ-सफाई तथा उनसे बंधुओं मजदूरों की तरह काम कराने के साथ ही उनसे खतरनाक काम करा इन बच्चों की जान तक जोखिम में डालते में कोई गुरेज नहीं करते ।

कुछ ऐसा ही नजारा बीते दिवस नगर जिला मुख्यालय के एसडीएम तथा शिक्षा विभाग कार्यालय से लगे शासकीय एमपीएल हाईस्कूल में दिखाई दिया यहां के छात्रों को स्कूल की छत तथा दीवारों पर खड़ा कराते हुए इनके हाथों से विद्युत लाइटिंग की सीरीज लगाई गई,जब कि छत के ऊपर से होकर हाई टेशन विद्युत लाईन के जानलेवा तार की लाईन बिछी हुई है,लेकिन इसके बावजूद स्कूल के प्राचार्य तथा शिक्षकों द्वारा बच्चों की जान की परवाह किए बगैर उनसे इस तरह का खतरनाक कार्य कराया ।

स्कूल के सामने से होकर गुजरने वाले राहगीरों द्वारा यह नजारा देख स्कूल के शिक्षकों को कोसते नजर आए जागरूक लोगों का मानना है कि नन्हे मुन्हें स्कूली छात्रों से इस तरह जान लेवा कार्य कराने वाले शिक्षकों को दंडित करना चाहिए जिससे इस तरह के कार्य कोई भी शिक्षक स्कूली छात्रों से ना करा सकें ।

नगर जिला मुख्यालय के अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के साथ ही शिक्षा विभाग के कार्यालय के सामने छात्रों की जान जोखिम में डालकर शिक्षकों द्वारा इस तरह कार्य कराया जा रहा है तो क्षेत्र के अन्य ग्रामों के स्कूलों में शिक्षकों द्वारा छात्रों से किस तरह कार्य कराया जाता होगा इस बात का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है ।

इनका कहना है . . .

गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय भवनों को विद्युत रोशनी से जगमागने के निर्देश दिए है,लेकिन हमारे स्कूल में कोई चपरासी नहीं है,इसलिए स्कूली छात्रों को ही स्कूल के छत पर चढ़ाकर दीवारों पर विद्युत लाइटिंग बिछाई गई। इस दौरान स्कूल के अन्य शिक्षकों के साथ ही में भी खडी थी।

श्रीमती पाटिल
प्राचार्य शासकीय एमपीएल स्कूल पांढुरना

मुझे इसके संदर्भ में कोई जानकारी नहीं है,लेकिन शिक्षकों द्वारा छात्रों को स्कूल भवन के छत पर चढ़ाकर इस तरह इनकी जान जोखिम में डालकर कार्य किया है तो यह सहीं है,में इसकी जानकारी लेते हुए उचित कार्यवाही करूंगा ।

श्री एच.हांडे
विकासखंड शिक्षा अधिकारी पांढुरना

महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जा रहे दस मवेशियों को पुलिस ने पशु तस्करों से मुक्त करा गौशाला में सुरक्षित रखा

तीन पशु तस्कर गिरफ्तार,एक फरार तस्कर की तलाश में जुटी पुलिस

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,24 जनवरी, पुलिस के लाख प्रयासों के बावजूद गौवंश तस्करी का यह अवैध कारोबार पूरी तरह बंद नहीं हो पा रहा है,पुलिस द्वारा आज सुबह फिर 10 मवेशियों को महाराष्ट्र के कत्लखाने ले जा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया,वहीं एक फरार तस्कर की सरगर्मी से तलाश की जा रहीं है । ग्राम देवनाला के जंगल के रास्ते से होते हुए महाराष्ट्र के वरूड़ के कत्लखाने मवेशियों को ले जाने की मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा शनिवार की अल सुबह ही ग्राम मांडवी के पास की गई घेराबंदी में दस मवेशियों को

सीमा पार ले जाते तीन लोगों को पकड़ा जिसमें दो युवक जो की मजदूरी से इन मवेशियों को हाकते हुए ले जा रहे प्रेमलाल उईके एवं राजकुमार धुर्वे थे,वहीं तिसरा युवक महाराष्ट्र के वरूड़ का मुख्य पशु तस्कर वसीम जिसके खिलाफ पहले भी पुलिस थाने में प्रकरण पंजीबध्द है इसे पकड़ लिया,जब कि इसका दूसरा सहयोगी पशु तस्कर जो कि महाराष्ट्र का रहने वाला बताया जा रहा है,पुलिस को आता देख जंगल के रास्ते भाग गया,जिसकी पुलिस द्वारा सरगर्मी से तलाश की जा रहीं है ।जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के निर्देश पर एसडीओपी ब्रजेश भार्गव के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अजय मरकाम के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक शिवकरण पांड़े द्वारा इन पशु तस्करों को पकडने के बाद इन पशु तस्करों से मुक्त कराए 10 मवेशियों को मारूड़ ग्राम पंचायत की गौशाला में सुरक्षित रख इन सभी पशु तस्करों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर कार्यवाहीं की गई ।

पांढुर्णा में मोंगिनिस केक शॉप का भव्य शुभारंभ जिलेवासियों को मिलेगा अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वाद

नव भारत न्यूज
पांढुरना, 24 जनवरी, भारत की सबसे पुरानी और लोकप्रिय केक ब्रांड मोंगिनिस का स्वाद पांढुरना जिलावासियों को मिलेंगा, मोंगिनिस कंपनी द्वारा शनिवार को नगर जिला मुख्यालय में अपनी ब्रांच शुरू की हैं, जिसका आज विधिवत शुभारंभ नगर के यूनियन बैंक के पास किया गया । इसका उद्घाटन गिरिधरराव शेलके के हस्ते हुआ । कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. बालाजी रंगनाथ गलधर एवं निलेश रंगनाथ गलधर (डायरेक्टर, मोंगिनिस उपस्थित रहे।

मोंगिनिस केक शॉप पांढुर्णा में ग्राहकों को ताज़ा केक, पेस्ट्री, कप केक, पफ्स, हॉटडॉग, स्नैक्स एवं बेकरी उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई जाएगी। यह स्टोर पूर्णत: शुद्ध शाकाहारी (100% Veg) है और प्रतिदिन नागपुर से ताज़ा स्टॉक सीधे सुबह सप्लाई किया जाएगा, जिससे ग्राहकों को सर्वोच्च गुणवत्ता और ताज़गी का अनुभव मिलेगा ।शेलके परिवार ने कहा कि यह स्टोर शहरवासियों को विश्वस्तरीय स्वाद और सेवा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मोंगिनिस पांढुर्णा में स्वाद और गुणवत्ता का नया मानक स्थापित करेगा।

कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग, युवा एवं परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दिव्यांगों को सहायक उपकरण चिन्हांकन के साथ-साथ मिला मानसिक स्वास्थ्य परामर्श

नवभारत न्यूज़
सौंसर 24 जनवरी.जनपद पंचायत में दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के उद्देश्य से एक विशाल चिन्हांकन एवं मेडिकल बोर्ड शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में केन्द्रीय एडिप योजना, राष्ट्रीय वयोश्री योजना और वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी मद के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को नि:शुल्क सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग प्रदान करने हेतु पंजीकरण किया गया।

इस आयोजन में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम जबलपुर की टीम द्वारा तकनीकी परीक्षण किया गया। शिविर की सफलता में %ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान की टीम का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा, जिन्होंने न केवल व्यवस्थाओं में सहयोग किया बल्कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य किया ।संस्थान के कार्यकर्ताओं ने शिविर में आए ग्रामीण क्षेत्रों के दिव्यांगों और बुजुर्गों को दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करने और सही काउंटर तक पहुँचने में सक्रिय मदद की। केवल शारीरिक सहायता ही काफी नहीं है, इसी सोच के साथ संस्थान की टीम ने शिविर में आए लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्हें बताया गया कि दिव्यांगता को अपनी कमजोरी न बनने दें और समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आत्मसम्मान के साथ जीवन जिएं। विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांगजनों और उनके परिजनों को मनोवैज्ञानिक परामर्श दिया गया, जिससे उनमें सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार हुआ। शिविर के माध्यम से चिन्हित किए गए पात्र दिव्यांगजनों को आने वाले समय में उनकी आवश्यकतानुसार ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सुनने की मशीन, कृत्रिम हाथ-पैर और अन्य सहायक उपकरण पूर्णत: नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे। ग्रामीण आदिवासी समाज विकास संस्थान के निदेशक विजय धवले ने बताया कि उनका लक्ष्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। शिविर में भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीणजनों ने संस्थान के इस मानवीय दृष्टिकोण और सहयोग की सराहना की।

शहर में पांच स्थानों पर ध्वजारोहण करेगी जिला कांग्रेस

छिन्दवाड़ा. देश में अलग-अलग संस्कृति, सभ्यता व भाषाएं होने के बाद भी सभी राष्ट्रीय पर्व की वजह से एक सूत्र में बंधे हुये हैं। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस शहर के निर्धारित पांच स्थानों पर प्रात: काल ध्वजारोहण करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। झंडा वंदन के साथ ही राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के अलावा आमजन भी उपस्थित होकर गणतंत्र दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे। श्री ओकटे ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर प्रात: 7.15 बजे कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण किया जावेगा। इसके उपरांत 7.30 बजे महात्मा गांधी चौक (फव्वारा चौक) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष झंडा वंदन किया जावेगा। प्रात: 7.45 बजे गोलगंज में पंडित मोतीलाल नेहरू जी की प्रतिमा के समक्ष झंडा वंदन किया जाएगा।

शंकर पट हमारी संस्कृति और किसान की मेहनत का उत्सव : मोहोड

नगर में हुआ 3 दिवसीय भव्य शंकर पट का शुभारंभ

नवभारत न्यूज़
सौंसर 24 जनवरी.मोहगांव के युवा शेतकरी संगठन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भव्य शंकर पट का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने किया। वार्ड 5 में स्थित पट मैदान में पाच लाख इक्कावन हजार रुपए की जंगी लूट के अवसर पर मुख्य रूप से पप्पु सुधा,बच्चू कर्वा,नगर परिषद अध्यक्ष संदीप दादू घाटोडे, वीरेन्द्र शर्मा,कैलाश पालीवाल,नरेन्द्र ठोंबरे, मनोज कलंबे प्रमुख रूप सेवउपस्थित थे।

इस अवसर पर बोतले हुये श्री मोहोड ने कहा कि, शंकर पट केवल एक खेल या परंपरा नही है बल्कि यह हमारी खेती, हमारी संस्कृति और किसान की मेहनत का उत्सव है। जिस प्रकार किसान धरती माता की सेवा कर अन्न उपजाता है, उसी प्रकार शंकर पट में भाग लेने वाले खिलाडी भी साहस, शक्ति और अनुशासनन का परिचय देते है। यह उत्सव हमारी ग्रामीण एकता और परंपराओं को जीवित रखने का सशक्त माध्यम है।

नगर परिषद अध्यक्ष संदीप दादू घाटोडे ने कहा कि,किसान जब फसल काटकर घर लाता है तब उसके चेहरे की खुशी ही शंकर पट जैसे उत्सवों की आत्मा है। पट का समापन 26 जनवरी को होगा। तीन गुटों में आयोजित प्रतियोगिता में जनरल गुट का प्रथम पुरस्कार मोटर सायकल, द्वितीय स्कूटी,तृतीय इकतीस हजार,चतुर्थ इक्क्वीस हजार, पंचम पंद्रह हजार क्रमश: 21 पुरस्कर रखे गये है। वही तहसील गट पुरस्कार में प्रथम इक्कवीस हजार, द्वितीय पंद्रह हजार, तृतीय दस हजार ऐसे दस पुरस्कार रखे है। वही गांव कट में प्रथम ग्यारह हजार, द्वितीय पाच हजार, तृतीय चार हजार आदि का समावेश है। आयोजन कमेटी ने क्षेत्रिय पट प्रेमियों से प्रतियोगिता का लाभ लेने की अपील की है।

नन्हे कलाकारों ने बिखेरा अपनी प्रतिभा का जलवा

सुरों की महक के साथ मना बसंत उत्सव

नवभारत न्यूज़
सौंसर 24 जनवरी. नगर के शासकीय प्रभावती मानकर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सिंगवेल स्टूडियो सौसर की ओर से%बसंत उत्सव% का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चो ने एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुतियों के जरिए उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और जमकर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम आयोजन श्रीमती नीता संदीप बागड़े ने बताया कि बच्चों के भीतर छुपी हुई कला और प्रतिभा को एक उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष बसंत पंचमी पर इस उत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि उनमें रचनात्मकता का विकास भी होता है।

कार्यक्रम के दौरान मंच पर यश साखरे, तवी सोमकुंवर, मैत्रेय बागड़े, अयाना शाक्यवार, रंजनी गोडबोले, ललिता साखरे, मंजुषा बागड़े, और संस्कृति हिवसे ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। साथ ही सुनीता चारे, राम उईके, ज्योति दुफारे, जयश्री सोलंकी, रमा सोंनकुसरे, विनीता बागड़े, सोनाली खडाइत, रीमा उईके, चित्रा उईके, दीपक वंशिकर, धनराज पवार और महेश पटवारी ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन तनुल सूर्यवंशी ने किया, जबकि अंत में सभी का आभार मुकेश बागडे द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से दिलीप बागड़े, मदन चावके, डॉ. रूपेश बोकडे, उत्तम बोकडे, आशीष टेम्बे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे।

आज मनाया जाएगा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस, जिला स्तरीय कार्यक्रम पांढुर्णा में आयोजित

पांढुर्णा ,24 जनवरी , मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 25 जनवरी , रविवार को प्रात: 11.00 बजे 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम मेरा भारत, मेरा वोट निर्धारित की गई है। आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा के समस्त मतदान केन्द्रों एवं विधानसभा स्तर पर 25 जनवरी 2026 को प्रात: 11.00 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन कर उपस्थित मतदाताओं, शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता दिवस से संबंधित शपथ दिलाई जाएगी।

मतदान केन्द्र स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित किए जाने के लिए आयोग द्वारा प्रत्येक बीएलओ के मान से 250 रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ है। उक्त राशि के भुगतान के लिए संबंधित विधानसभा के समस्त बीएलओ के खाता नंबर एवं आईएफएससी कोड की जानकारी एक्सल शीट में तैयार कर 21 जनवरी को भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 25 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर सभा कक्ष, पांढुर्णा में प्रात: 11.00 बजे से आयोजित किया जाएगा। आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा के उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3-3 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। विधानसभा अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3-3 बीएलओ के नाम दिनांक 21 जनवरी 6 को सायं 4.00 बजे तक अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए गए।

साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, पांढुर्णा द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम में नवीन 3 से 4 मतदाताओं को ईपिक कार्ड का वितरण किए जाने हेतु ईपिक कार्ड तैयार कर संबंधित मतदाताओं को सूचित करना सुनिश्चित किया जाएगा।

शहर में पांच स्थानों पर ध्वजारोहण करेगी जिला कांग्रेस

छिन्दवाड़ा. देश में अलग-अलग संस्कृति, सभ्यता व भाषाएं होने के बाद भी सभी राष्ट्रीय पर्व की वजह से एक सूत्र में बंधे हुये हैं। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर कांग्रेस शहर के निर्धारित पांच स्थानों पर प्रात: काल ध्वजारोहण करेगी। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) को कांग्रेस के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। झंडा वंदन के साथ ही राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के अलावा आमजन भी उपस्थित होकर गणतंत्र दिवस समारोह के साक्षी बनेंगे। श्री ओकटे ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर प्रात: 7.15 बजे कांग्रेस भवन में ध्वजारोहण किया जावेगा। इसके उपरांत 7.30 बजे महात्मा गांधी चौक (फव्वारा चौक) में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष झंडा वंदन किया जावेगा।

गो मांस की आपूर्ति तथा खरीदने वालों पर सख्त कार्यवाहीं के मांग को लेकर हिंदूवादी संगठन हुए एकजूट

मुख्यमंत्री के नाम थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज,
पांढुरना,24 जनवरी, महाराष्ट्र के वरूड़ से गौ मांस की तस्करी कर पांढुरना बेचने लाने वाली माँ बेटी के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की तरह ही इस गौ मांस के मुख्य कारोबारी तथा खरीदारों के खिलाफ रासुका के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाहीं के मांग को लेकर आज विशाल जामसावली पदयात्रा समिति के नेतृत्व में हिंदूवादी संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम थाना कोतवाल को हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा।

गौरतलब हो कि पांढुरना नगर के टेकडी वार्ड में रहने वाली मां बेटी ने बीते दिवस शुक्रवार

को सीमावर्ती महाराष्ट्र के वरूड़ से अपनी एक्टिवा बाइक एम पी 28 जेड एफ 2811 में रखकर 30 किलो गोमांस लाते हुए पुलिस द्वारा उन्हें ग्राम वाडेगांव कलमगांव के पास रंगेहाथ पकड इस मां बेटी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया ।

इतनी बड़ी तादाद में गो मांस मिलने से जिले के हिंदूवादी संगठनों में भारी रोष व्याप्त है,शनिवार को नगर के विशाल जामसावली पदयात्रा समिति के अध्यक्ष मनोज गुडधे के नेतृत्व में अन्य हिंदूवादी संगठनों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम थाना प्रभारी अजय मरकाम को एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौप इस गौ मांस के मुख्य सरगना जो कि महाराष्ट्र के वरुड निवासी के साथ ही पांढुरना में इस मांस को खरीदने वालों के खिलाफ रासुका के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर इन सभी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की है ।

इस आशय का थाना प्रभारी को पत्र सौपते समय मनोज गुडधे, नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष बंटी प्रकाश छंगाणी,तनय अग्रवाल , लक्ष्मीकांत कावले,सुरेश खोड़े ,भुपेंद्र करेरा, पंकज नाइक, प्रकाश आरण, हेमराज कोरड़े, राहुल बालपांड़े, निलेश बारमास ,राहुल ठोम्बरे, सागर फरकसे, शुभम जुननकर, अश्विन कटारे, प्रितंम कंलबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे ।

शासकीय महाविद्यालय सौसर में मनाया गया मतदाता जागरूकता दिवस

नवभारत न्यूज़
सौंसर 24 जनवरी. शासकीय महाविद्यालय सौसर में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार मतदाताओं को जागरूक करने, मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए ई. एल. सी. क्लब प्रभारी डॉक्टर एन.के. गेडाम द्वारा मतदाता जागरूकता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के संरक्षक व प्राचार्य डॉक्टर पी .एस. परते समस्त महाविद्यालय स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे इस अवसर पर राजनीतिक विभाग से विजय मंडराह द्वारा लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मत के मूल्य पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम प्रभारी

डॉक्टर नीलमकीर्ति गेडाम द्वारा बताया गया कि लोकतंत्र में एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य का कितना महत्व है। मत का अधिकार न केवल हमारे समानता के अधिकार की संवैधानिक पुष्टि करता है बल्कि यह प्रत्येक नागरिक में स्वाभिमान और आत्मविश्वास जागने का कार्य भी करता हैं। इसके पश्चात मतदाता शपथ सभी स्टाफ व छात्र-छात्राओं को दिलाई गई। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा नवीन छात्रों को अपने वोटर आईडी कार्ड आवश्यक रूप से बनाने के लिए प्रेरित किया गया तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की शुभकामना संदेश के साथ इस कार्यक्रम की समापन की घोषणा की गई।